Brayden
SUPERVISION SERVICES INC.

सेवा समझौता- प्रतिभागियों का निम्नलिखित नियमों और शर्तों से सहमत होना आवश्यक है:

1. संचार

ब्रायडेन सर्विस के निदेशक ईमेल, फोन और अन्य तरीकों से प्रतिभागियों, वकीलों और अन्य पेशेवरों के साथ सीधे संवाद करेंगे। इनटेक प्रक्रिया पूरी होने के बाद दोनों पक्षों को अपने सेवा निदेशकों से संपर्क करने से संबंधित जानकारी प्राप्त होगी। ब्रायडेन स्थान, निर्धारित समय, भुगतान का बटवारा, या सेवा के प्रकार से संबंधित विवरण के सम्बन्ध में मध्यस्थता करता है चूंकि हम एक तटस्थ तीसरा पक्ष हैं, इन शर्तों के सम्बन्ध में शामिल पक्षों के बीच, या उनके वकीलों के माध्यम से, परस्पर रूप से सहमति होनी चाहिए।

2. हस्तक्षेप और समापन

A) पर्यवेक्षित पेरेंटिंग के समय के दौरान ब्रायडेन के पर्यवेक्षक अपने विवेक से हस्तक्षेप करेंगे। यदि पर्यवेक्षित भागीदार दूसरे पक्ष के बारे में या उचित न समझे जाने वाले मुद्दों के बारे में नकारात्मक बातें बोल रहे होंगे तो वे हस्तक्षेप करेंगे।

B) जब तक कि इनटेक प्रक्रिया के दौरान किसी भाषा विशिष्ट पर्यवेक्षक का अनुरोध न किया गया हो, तब तक पेरेंटिंग समय के दौरान सभी बातचीत अंग्रेजी में होनी चाहिए। अंग्रेजी में बोलने में विफलता के परिणामस्वरूप पहले हस्तक्षेप किया जाएगा, और उसके बाद भी यदि ऐसा बार-बार होगा तो मुलाकात का समापन कर दिया जाएगा।

C) ऐसे मामले में जिसमें पर्यवेक्षित भागीदार को बार-बार निर्देशित करना पड़ रहा है और वे अपने व्यवहार को संशोधित करने में सक्षम नहीं हैं, पर्यवेक्षक के पास पेरेंटिंग समय समाप्त करने का अधिकार है। ज्यादातर मामलों में, सेवा निदेशक से ऑन-कॉल परामर्श के बाद ही यह कार्यवाई की जाएगी।

D) ब्रायडेन के पर्यवेक्षकों को अन्य समय में अपने विवेकाधिकार से हस्तक्षेप करने का अधिकार है। ब्रायडेन स्टाफ सदस्य के किसी भी निर्देश या अनुरोध का पर्यवेक्षित भागीदार द्वारा त्वरित और उचित तरीके से पालन किया जाना आवश्यक है।

E) यदि मास्क को ठीक से नहीं पहना गया, या हमारी किसी अन्य कोविड-19 नीतियों और प्रक्रियाओं का उल्लंघन किया जाता है, तो हम पेरेंटिंग समय को तुरंत समाप्त कर देंगे।

3. भुगतान

ब्रायडेन पर्यवेक्षण भुगतान की सौदेबाजी में मध्यस्थता नहीं करता है। सेवा शुरू होने से पहले, हमारी सेवाओं से संबंधित सभी लागतों और शुल्कों के बारे में चर्चा की जाएगी और उन पर सहमति प्राप्त की जाएगी। सभी भुगतान पेरेंटिंग समय से 48 घंटे पहले कर दिए जाने चाहिए। ब्रायडेन वर्तमान में वीज़ा, मास्टरकार्ड और ई-ट्रांसफर भुगतान स्वीकार करता है। निर्धारित पेरेंटिंग समय से 48 घंटे पहले उचित राशि का ई-ट्रांसफर हो जाना सुनिश्चित करना ई-ट्रांसफर के माध्यम से भुगतान करने वाले पक्ष/पक्षों की जिम्मेदारी है। पेरेंटिंग समय की कोई भी अतिरिक्त लागत जैसे पार्किंग, या प्रवेश की लागत, पेरेंटिंग समय पूरा होने पर पर्यवेक्षक से रसीदें जमा करने के आधार पर वसूल की जाएगी।

4. पेरेंटिंग समय रद्दीकरण और स्थान परिवर्तन
ब्रायडेन पर्यवेक्षण भागीदारों को फोन या ईमेल के माध्यम से सेवा को रद्द या स्थगित करना होगा। किसी भी कार्यदिवस (सोमवार से शुक्रवार) के पेरेंटिंग समय को कम से कम 24 घंटे पहले नोटिस देकर रद्द किया जाना चाहिए। किसी भी सप्ताहांत (शनिवार और रविवार) पेरेंटिंग समय को कम से कम 48 घंटे पहले नोटिस देकर रद्द किया जाना चाहिए। एक प्रशासनिक शुल्क जो $25 (+HST) होगा लागू होगा। सेवा निदेशक से पेरेंटिंग समय की पुष्टि प्राप्त होने के बाद स्थान या समय में परिवर्तन करने के लिए $25 (+HST) शुल्क का भुगतान करना होगा।

5. अतिथि/आगंतुक
किसी पेरेंटिंग समय के लिए, किसी भी अतिथि या आगंतुक को पेरेंटिंग समय में प्रवेश करने या व्यक्ति की नजर में आने से पहले दोनों भागीदारों द्वारा पूर्व-अनुमोदित होना चाहिए। यह चरण इनटेक प्रक्रिया के दौरान पूरा किया जाना होता है। यदि पेरेंटिंग समय में भाग लेने वाले किसी विशिष्ट मेहमान के बारे में कोई असहमति है, तो उन्हें उपस्थित होने की अनुमति तब तक नहीं दी जाएगी जब तक कि ब्रायडेन को दोनों पक्षों से पुष्टि नहीं मिल जाती है।
किसी समुदाय मे या घर में आयोजित पेरेंटिंग समय के लिए, जब तक कि कुछ अन्यथा निर्दिष्ट न हो, हमारे पर्यवेक्षक तब तक हस्तक्षेप नहीं करेंगे जब तक कि कोई विशिष्ट शर्त किन्हीं विशिष्ट मेहमानों को पेरेंटिंग समय में उपस्थित होने से रोकती न हो। यदि किसी व्यक्ति की किसी विशिष्ट अतिथि के प्रति नकारात्मक प्रतिक्रिया होती है, तो हमारे पर्यवेक्षक उस अतिथि को पेरेंटिंग समय से निकल जाने का सुझाव दे सकते हैं और उनकी दोबारा भागीदारी के संबंध में अगले निर्धारित पेरेंटिंग समय से पहले सभी पक्षों से चर्चा की जाएगी।

6. चिकित्सा और भोजन
सभी प्रासंगिक चिकित्सा जानकारी ब्रायडेन सेवा निदेशक द्वारा इनटेक प्रक्रिया के दौरान एकत्र की जाएगी। सहायता प्राप्त करने के लिए, भागीदारों को दस्तावेज के साथ यथासंभव अधिक से अधिक चिकित्सा जानकारी प्रदान करना आवश्यक है। यदि पर्यवेक्षित पेरेंटिंग समय के दौरान दवा या चिकित्सा की आवश्यकता पड़ती है, तो आवश्यक कदम उठाने की जिम्मेदारी पर्यवेक्षित भागीदार की होती है। आवश्यक होने पर पर्यवेक्षक हस्तक्षेप करेगा, लेकिन वह कोई भी दवा या चिकित्सा सलाह देने के लिए जिम्मेदार नहीं है।
यदि व्यक्ति को कोई ऐसा भोजन या पेय उपलब्ध कराया जा रहा है जिसे एलर्जीजनक पाया जाता है तो पर्यवेक्षक हस्तक्षेप करेगा।

7. भौतिक वस्तुओं का स्थानांतरण
सामान्य तौर पर, भागीदारों को पक्षों के बीच भौतिक वस्तुओं, दस्तावेजों या किन्हीं अन्य वस्तुओं को स्थानांतरित करने के लिए पर्यवेक्षक का एक एजेंट के रूप में उपयोग नहीं करना चाहिए। पर्यवेक्षक किसी भी अदालती दस्तावेज़, धन या किसी अन्य संपत्ति पर हस्ताक्षर करने या उन्हें हस्तांतरित करने के लिए ज़िम्मेदार नहीं है।

8. इनकार
यदि व्यक्ति शुरू में पेरेंटिंग समय में भाग लेने से इनकार कर रहा है, तो हमारे पर्यवेक्षक विभिन्न प्रकार के कौशल और विधियों का उपयोग करके भाग लेने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करने का प्रयास करेंगे। हम चाहते हैं कि भागीदार पेरेंटिंग समय आयोजित होना सुनिश्चित करने में हमारे पर्यवेक्षकों की सहायता करें। पेरेंटिंग समय के दौरान, यदि कोई व्यक्ति पेरेंटिंग समय को जारी नहीं रखना चाहता है, तो पर्यवेक्षक उन्हें प्रोत्साहित करने का प्रयास करेगा, लेकिन यदि वे परेशानी में दिखाई देते हैं या वे इसे जारी रखने में सक्षम नहीं होते हैं, तो पेरेंटिंग समय को समाप्त करने के लिए

भागीदार प्रभारी से संपर्क किया जाएगा। ये निर्णय व्यक्ति के सर्वोत्तम हित को ध्यान में रखते हुए ब्रायडेन पर्यवेक्षक के विवेक से किए जाते हैं।

9. रिपोर्ट करने का कर्तव्य

सभी ब्रायडेन पर्यवेक्षक बाल, युवा और परिवार सेवा अधिनियम (सीवाईएफएसए) के द्वारा दिशा-निर्देशों को रिपोर्ट करने के लिए बाध्य हैं। पर्यवेक्षक कानूनी रूप से सीधे स्थानीय बाल सहायता सोसायटी को रिपोर्ट करने के लिए बाध्य हैं।

10. प्रौद्योगिकी का उपयोग

सेवा शुरू होने से पहले प्रौद्योगिकी के उपयोग से संबंधित किसी भी प्रतिबंध को समझौते में निर्दिष्ट किया जाना चाहिए। यदि दोनों पक्षों की परस्पर सहमति हो तो पेरेंटिंग समय के दौरान भागीदार तस्वीरें या वीडियो ले सकते हैं। हालांकि, ब्रायडेन पर्यवेक्षक और स्टाफ सदस्य भागीदारों को उनकी तस्वीरें लेने या वीडियो रिकार्ड करने की सहमति नहीं देते हैं। ब्रायडेन पर्यवेक्षक पेरेंटिंग समय की तस्वीरें या वीडियो नहीं लेंगे।

यदि पेरेंटिंग समय का आयोजन घर के भीतर हो रहा है और घर में एक सुरक्षा प्रणाली स्थापित हो जो आपके घर के क्षेत्रों को रिकॉर्ड करती हो, तो आपको इसके बारे में इनटेक के समय या तो अपने फॉर्मों पर या अपने फोन परामर्श के दौरान ब्रायडेन पर्यवेक्षण को बताना होगा। पेरेंटिंग समय को आंशिक रूप से या पूर्ण रूप से किसी भी पक्ष द्वारा किसी भी इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्डिंग उपकरण के माध्यम से रिकॉर्ड नहीं किया जाना चाहिए। पेरेंटिंग समय के एक भाग या पूरे भाग को रिकॉर्ड करने के परिणामस्वरूप पेरेंटिंग समय को समाप्त कर दिया जाएगा।

11. टिप्पणियाँ

पेरेंटिंग समय के दौरान पर्यवेक्षक अपने फोन पर या एक नोटपैड पर संक्षिप्त टिप्पणियां दर्ज कर सकते हैं। ये टिप्पणियां जो घटित होता है उसकी समयरेखा अवलोकन होती हैं और इसमें पेरेंटिंग कौशल या क्षमताओं का कोई मूल्यांकन नहीं होता है। टिप्पणियां बच्चे और माता-पिता के बीच बातचीत को दर्शाती हैं और उत्पन्न हो सकने वाली सुरक्षा चिंताओं को दूर करती हैं। पर्यवेक्षक प्रत्येक पेरेंटिंग समय के बाद अपनी अवलोकन संबंधी टिप्पणियां ईमेल के माध्यम से सेवा निदेशक को प्रस्तुत करेंगे। चूंकि ब्रायडेन पर्यवेक्षक सेवाएं एक तटस्थ तीसरा पक्ष है, यदि कोई एक पक्ष टिप्पणियों का अनुरोध करता है, तो यह अनुरोध चाहे किसी भी पक्ष ने किया हो, वेदोनों पक्षों को टिप्पणियां एक साथ भेजते हैं। अवलोकन संबंधी टिप्पणियां जारी करने के लिए प्रशासनिक शुल्क लगता है, और टिप्पणियां जारी करने से पहले इसके भुगतान पर सहमत होना चाहिए।

12. कोविड-19

कोविड-19 महामारी के दौरान सभी को सुरक्षित रखने के लिए, सुरक्षा प्रक्रियाओं को लागू किया जाएगा। आवश्यकताओं को सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग के निर्देश के अनुसार अपडेट रखा जाएगा। कृपया साथ में संलग्न प्रक्रियाओं को पढ़ें। इनके अनुपालन में विफलता के परिणामस्वरूप सेवा समाप्त कर दी जाएगी।

सहमति की शर्तें

कोई भी पक्ष अपने विवेक से सेवा के इस अनुबंध से पीछे हट सकता है। जब ब्रायडेन के पर्यवेक्षक या सेवा निदेशक को लगता है कि पेरेंटिंग समय को जारी रखना व्यक्ति के सर्वोत्तम हित में नहीं है, तो ब्रायडेन सेवा देने से इनकार करने, पेरेंटिंग समय को रद्द करने या समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

मैंने **सेवा अनुबंध** पढ़ लिया है और मैं इन नीतियों और शर्तों का पालन करने के लिए सहमत हूं। मैं समझता हूं कि इसका अनुपालन करने में विफलता के परिणामस्वरूप सेवा को निलंबित या तत्काल समाप्त किया जा सकता है।

______________________________(भागीदार का नाम - प्रिंट करें)

_______________________________(भागीदार का हस्ताक्षर)

_______________________________(दिनांक)

_____________________ (सेवा निदेशक का हस्ताक्षर)

_____________________ (दिनांक)